Regarding PMGSY in Bihar

श्री दिनेश चंद्र यादव **(मधेपुरा) :** महोदया, धन्यवाद ।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कें ग्रामीण क्षेत्र में ही बनायी जाती हैं । बिहार में जिन सड़कों का निर्माण हो रहा है, वह कम गुणवत्ता के आधार पर बनायी जा रही हैं । सड़क निर्माण में जीएसबी करने के बाद डब्ल्यूएमएम ग्रेड-III कर एमएसएस (मिक्स शील सरफेस) कर छोड़ दिया जाता है । पहले सड़क निर्माण में बीएम एवं एसडीबीसी का प्रावधान था, जिसे अब हटा दिया गया है । इससे सड़क कमजोर बनती है । ग्रामीण सड़कों पर भी भारी वाहन चलने लगे हैं । सड़क कमजोर रहने से सड़क टूट जाती है और जल्द ही सड़क की बार-बार मरम्मत करनी पड़ती है । प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में केन्द्र सरकार की 60 प्रतिशत एवं राज्य सरकार की 40 प्रतिशत हिस्सेदारी रहती है। सड़क निर्माण में बीएम-50 एमएम एवं एसडीबीसी-25 एमएम जोड़ने से अत्यधिक राशि भी नहीं लगेगी और इससे सड़क भी मजबूत बनेगी ।

अत: मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ कि सड़क की गुणवत्ता को देखते हुए उसमें बीएम और एसडीबीसी को जोड़ने का प्रावधान किया जाए ।? (व्यवधान)